Panch Pargana Kisan College, Bundu, Ranchi University, Ranchi

National Service Scheme (NSS)

SWACHHATA HI SEVA CAMPAIGNIN THE ADOPTED VILLAGE JADIYA ON 29.09.2024

आज पाँच परगना किसान कॉलेज, बुण्डू में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं माई भारत मिशन के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे 15 दिवसीय स्वच्छता अभियान के 12 वें दिन गोद लिए गए गाँव जड़ेया में स्वयंसेवकों द्वारा सेवा कार्य किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने ग्राम वासियों को स्वच्छता का महत्व बताते हुए उन्हें इसके प्रति जागरूक किया। स्वयंसेव कों ने जगह जगह ब्लीचिंग पाऊडर का छिड़काव भी किया तथा ग्राम वासियों में इन्हें वितरित भी किया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने ग्राम वासियों को कृमिनाशक, आयरन, कैल्शियम, दस्तकीदवा, बुखार की दवा आदि वितरित किया साथ ही महिला स्वच्छता का महत्व बताते हुए सेनेटरी पैड का भी वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ० तारकेश्वर कुमार, डॉ० आराधना तिवारी एवं संगीता जायसवाल ने किया।